प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

23.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–रेलवे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रेल पटरियों के आधुनिकीकरण से एक तेज और अधिक भरोसेमंद नेटवर्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटरियों के नवीनीकरण, उन्नत परीक्षण और मशीनीकृत रखरखाव से यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और गति में वृद्धि सुनिश्चित हुई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इन बदलावों से देरी कम हो रही है, यात्रा सुगम हो रही है और रेलवे देश भर में यात्रियों की संख्या में वृद्धि और माल ढुलाई की मांग को पूरा करने में सक्षम हो रहा है।

....

महिला पदयात्रा

विपक्षी दलों द्वारा नारीशक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने आज शिमला में जन आक्रोश रैली और पदयात्रा का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य नेताओं ने भी जन आक्रोश रैली में हिस्सा लिया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोग दल परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं और आम महिलाओं को दर किनार कर अपने परिवार की महिलाओं को ही हर क्षेत्र में आगे लाने की मंशा रखते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का विरोध कर कांग्रेस पार्टी ने देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

भाजपा विधायक रीना कश्यप ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिरने पर प्रदेश में कांग्रेस सरकार के मंत्रियों ने लड्डू बांट कर जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं को उनका हक नहीं देना चाहती है और दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद भी कांग्रेस ने महिला आरक्षण की बात नहीं की।

....

सीबीएसई–परीक्षा

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई द्वारा दसवीं कक्षा की परीक्षा का दूसरा चरण 15 मई से आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं, वे इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड ने दसवीं के लिए पहली मुख्य परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए थे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति

2020 के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

....

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर नकारात्मक मानसिकता का परिचय दिया है। सिकंदर कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री का ही नहीं बल्कि देश की एक सौ 40 करोड़ जनता का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में अपनी हार को देखते हुए अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं।

....

सोलन भाजपा मण्डल

नगर निगम क्षेत्र सोलन भाजपा मण्डल ने राज्य चुनाव आयोग से नगर निगम के चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने आज सोलन में बताया कि नगर निगम सोलन में 17 मई को मतदान होना है और उसी दिन सोलन में राधास्वामी सत्संग ब्यास के मुखिया का सत्संग करने का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम भी है। उन्होंने कहा कि इस सत्संग में अन्य राज्यों से भी लाखों लोग आते हैं ऐसे में उस दिन मतदान करवाना सम्भव नहीं है। शैलेन्द्र गुप्ता ने चुनाव आयोग से मतदान की तिथि दो–तीन दिन आगे करने का आग्रह किया है।

....